# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक 26.09.2000

## प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की हड़ताल क्यों है इस संबंध में मिडिया के माध्यम से बहुत कुछ जानकारी सबों को दी जा चुकी है । लेकिन संक्षेप में हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि 29.03.1999 के समझौते के कार्यान्वयन की जिम्मेवारी किसकी थी । 18 माह तक इस काम को क्यों नही किया गया । इसके लिए कौन-कौन पदाधिकारी/कर्मचारी जिम्मेवार हैं । सरकार ने उन पर कौन सी कार्रवाई अभी तक की है । क्या समझौते के कार्यान्वयन की जिम्मेवारी संघ की थी, अगर नहीं तो इस हड़ताल के लिए जिम्मेवार कौन हैं ?

दिनांक 16.09.2000 को मुख्य मंत्री के समक्ष सरकार के सभी आला पदाधिकारियों एवं संघ के शिष्टमंडल के साथ वार्ता हुई । सरकार ने यह स्वीकार किया था कि हड़ताल के लिए बिहार प्रशासनिक सेवा संघ जिम्मेवार नही हैं क्योंकि 18 माह तक कोई कार्रवाई संघ के सदस्यों के हित में नहीं की गई । मुख्य मंत्री ने स्पष्ट निदेश मुख्य सचिव, वित्त सचिव एवं कार्मिक सचिव को दिया था कि बेसिक ग्रेड की मांग को छोड़कर शेष सभी बिन्दुओं का कार्यान्वयन 3 दिन से लेकर 7 दिनों के अन्दर कर दें । पर आज 12वें दिन तक कोई कार्रवाई नही हुई इस परिपेक्ष्य में अगर हमारी हड़ताल जारी है तो क्या इसके लिए हमारा संघ जिम्मेवार है ?

संघ को जानकारी मिली है कि वाजिब कार्रवाई करने के बजाय विशेष सचिव का पदनाम समाप्त करने की साजिश की गई है । [redacted] । अपर सचिव के वेतनमान को संयुक्त सचिव के वेतनमान में ही समाहित कर दिया गया है । संघ सरकार से यह पूछना चाहती है कि क्या हमने हड़ताल वर्षों से प्राप्त वाजिब हक को खोने के लिये किया था ? अगर नही तो इस हड़ताल के लिए जिम्मेवार वे वरिष्ठ नौकरशाह हैं जिन्होंने हमारी सेवा की गरिमा को समाप्त करने की कुचेष्टा की है । सभी स्तरों पर रिक्ति की तिथि से प्रोन्नति का लाभ देने की अधिसूचना निर्गत करने का आदेश मुख्य मंत्री ने दिया था । पर इसके संबंध में भी अधिसूचना निर्गत करने के बजाय केन्द्र सरकार से पत्राचार करने की अनुशंसा आर्थिक उप-समिति ने की । क्या यह वरिष्ठ नौकरशाहों का दायित्व नही था कि मुख्य मंत्री के आदेश का अनुपालन तुरंत करते ताकि हड़ताल समाप्त करने की पहल होती ।

जिला पदाधिकारी के 5 पद पर हमारे सदस्यों के लिए अधिसूचित करना था पर ऐसा आज तक नही किया गया जबकि गुजरात प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित होते हैं, [redacted] अधिसूचना को संघ ने उपलब्ध करा दिया है । उड़ीसा, आसाम में भी वहाँ के राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी जिला पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित होते हैं, सरकार को यह भी बता दिया गया है, पर यह कार्रवाई भी आज तक नही की गई ।

क्रमशः पेज - 2

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक...............................



अतः हम अपनी बेसिक ग्रेड के मांगों को पूरा होने एवं समझौते के सभी बिन्दुओं के सही रूप से अनुपालन होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल चलाने को बाध्य हैं । राज्य का सारा कार्य ठप है सरकार एवं सरकारी तंत्र को इस पर गंभीरता से विचार कर हड़ताल तोड़ने की पहल करनी चाहिए ताकि राज्य को विनाश से बचाया जा सके ।

हमारा हड़ताल जारी है और जारी रहेगा ।

गं०ला०दास 26.9.2000

॥ गंगाधर लाल दास ॥
महासचिव

26/9/2000

॥ वजीन्द्र नारायण सिंह ॥
अध्यक्ष

ज्ञापांक : 182 दिनांक : 26.09.2000

**प्रतिलिपि :** निदेशक आकाशवाणी / दूरदर्शन, पटना / ब्यूरो प्रमुख यू.एन.आई. / पी.टी.आई. / एक्सप्रेस मीडिया सर्विस / सम्पादक सभी दैनिक हिन्दी / अंग्रेजी समाचार पत्रों को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

गं०ला०दास 26.9.2000

॥ गंगाधर लाल दास ॥
महासचिव